# निगमित सुशासन पर लेखापरीक्षकों का प्रमाणपत्र

**सेवा में,**

**सदस्यगण,**

**आरईसी लिमिटेड,**

**नई दिल्ली।**

हमने 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के आरईसी लिमिटेड (पूर्व में रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड) ("कंपनी") द्वारा निगमित सुशासन की शर्तों के अनुपालन की जांच की है, जैसाकि स्टॉक एक्सचेंज के साथ निष्पादित सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम 2015 ("सूचीकरण विनियम") (यथा संशोधित) और लोक उद्यम विभाग (डीपीई), भारी उद्योग और सरकारी उद्यम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी किए गए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) के लिए निगमित सुशासन संबंधी दिशानिर्देश 2010 के खंड 8.2.1 में अनुबंधित हैं।

निगमित सुशासन की शर्तों के अनुपालन का उत्तरदायित्व प्रबंधक वर्ग का है। हमारी जांच निगम द्वारा निगमित सुशासन की शर्तें का अनुपालन करने के लिए कंपनी द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया की समीक्षा एवं उसके कार्यान्वयन तक सीमित है। यह न तो लेखापरीक्षा है और न ही निगम के वित्तीय विवरणों पर राय का प्रकटन करना है।

हमारे दृष्टिकोण में और हमारी सर्वश्रेष्ठ सूचना तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार हम यह प्रमाणित करते हैं कि 31 मार्च 2020 की स्थिति के अनुसार कंपनी 08 फरवरी 2020 से एक महिला निदेशक सहित अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों (13 नवंबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक) की नियुक्ति और वित्तीय वर्ष के दौरान कुछ निश्चित अवधि के लिए लेखापरीक्षा समिति, नामांकन और मेहनताना समिति और निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व समिति के गठन को छोड़कर सीपीएसई के लिए निगमित शासन पर दिशानिर्देश, 2010 और सूचीकरण विनियमों में यथा उल्लिखित निगमित शासन की अपेक्षाओं का अनुपालन कर रही थी।

हम यह भी उल्लेख करते हैं कि ऐसा अनुपालन न तो कंपनी की उस भावी व्यवहार्यता का कोई आश्वासन है, न ही दक्षता अथवा प्रभावकारिता का, जिसके अनुसार प्रबंधक वर्ग ने कंपनी के कार्यों का संचालन किया है।

**मेसर्स एस. के. मित्तल एंड कं.**
**सनदी लेखाकार**
**आईसीएआई फर्म पंजी. सं. 001135एन**

**नाम – एस. मूर्ति**
**पदनाम : भागीदार**
**सदस्यता संख्या : 072290**
**यूडीआईएन. 20072290AAAABT7496**

**मेसर्स ओ. पी. बाग्ला एंड कं. एल एल पी.**
**सनदी लेखाकार आईसीएआई फर्म पंजी. सं. 000018एन/एन 500091**

**नाम – अतुल अग्रवाल**
**पदनाम : भागीदार**
**सदस्यता संख्या : 092656**
**यूडीआईएन. 20092656AAAAFL3784**

**दिनांकः 07 अगस्त 2020**
**स्थानः नई दिल्ली**